# *High Street* Filatex Limited

REGD OFFICE:B-17, IIND FLOOR, 22 GODAM INDUSTRIAL AREA, JAIPUR-302006, Rajasthan
Tel No: 0141-2214074, 4025431 Fax-0141-2212984
Web Site: www.highstreetfilatex.in E-mail: highstreet.filatex@gmail.com
**CIN: L18101RJ1994PLC008386**


**Date: October 24, 2020**

**To,**
**BSE Limited**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street**
**Mumbai- 400001 (MAHARASHTRA)**

**Sub: Notice of Board Meeting-Newspaper Advertisement-Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015.**
**Ref: High Street Filatex Limited, Scrip Code: 531301**

**Dear Sir/ Ma'am,**

In continuation to our intimation dated October 22, 2020 with regard to board meeting notice and pursuant to regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing the Newspaper Advertisement published in newspaper Financial Express (English) and Dainik Amrit India (Hindi) on October 23, 2020. The same has been made available on the Company's website http://www.highstreetfilatex.in.

You are requested to kindly take the same on record.

**Thanking You,**

**Yours faithfully,**
**For High Street Filatex Limited**

HIGH STREET FILATEX LIMITED JAIPUR

**Vibhor Kumawat**
**(Company Secretary**
**and Compliance Officer)**
**ACS-55710**

**Encl: A/a**

## संक्षिप्त समाचार.....

### पत्नी पर चाकू से वार कर फांसी के फंदे पर लटका पति, मौत

**चित्तौड़गढ़।** शहर के खरडी बावरी में एक पति द्वारा पत्नी पर चाकू से वार कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जिसका नाम कालूराम कुमावत बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद कालूराम के शव को फंदे से उतारकर मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं, पूरे मामले में परिवार द्वारा किसी भी तरह की कार्रवाई करने से मना कर दिया गया है। मृत कालूराम के बेटे अनिल( 18 ) ने बताया कि रात करीब 12 बजे उसके पिता और मां में झगड़ा हुआ था। वो दूसरे कमरे में बैठा था। इस दौरान पिता ने मां पर चाकू से दो बार वार कर दिया। जिसके बाद मां घायल हालत में उसके पास पहुंची और पूरे मामले की जानकारी दी। बेटा पिता कालूराम को देखने गया तो वो घर में नहीं था। जो कुछ देर ढूंढने पर घर के बाहर जानवरों के बाड़े में लोहे के एंगल से लटका मिला। वहीं, घायल महिला को पड़ोसियों द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। साथ ही कालूराम को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

### राजस्थान में कोरोना के 1810 नए मामले, 14 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के 1810 नए मामले सामने आने के साथ ही बुधवार को इसकी संख्या बढ़कर एक लाख 78 हजार 933 हो गई वहीं 14 लोगों की मौत के बाद मृतकों का आंकड़ा 1788 पहुंच गया है। चिकित्सा निदेशालय की ओर से आज रात्रि जारी रिपोर्ट के अनुसार सर्वाधिक नए मामलों में राजधानी जयपुर में 349, जोधपुर में 303, अजमेर में 119, अलवर में 178, सीकर में 93 शामिल है। इसके अलावा नागौर में 78, उदयपुर में 65, बीकानेर में83, डूंगरपुर में27, कोटा में 71, पाली में 64, श्रीगंगानगर में 64, बाड़मेर में 27, बारां में 15, जालोर में 21, हनुमानगढ़ में 14, बूंदी एवं बांसवाड़ा में एक-एक नये मामले सामने आए। प्रदेश में बुधवार को 14 संक्रमितों की मौत हो गयी। इसके साथ ही मृतकों की संख्या 1788 पहुंच गयी। राज्य में अब तक 35 लाख 24 हजार 88 लोगों के जांच के लिए सैंपल लिये गये जिसमें से 33 लाख 43 हजार 985 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आयी वहीं एक लाख 78 हजार 933 पॉजिटिव आए है।

### गुजरात का शुद्ध देसी घी बताकर नकली घी बेचते 6 गिरफ्तार, 2.15 क्विंटल घी जब्त

**कोटपूतली।** राजस्थान में चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को असली के नाम पर नकली देसी घी बेचने के आरोप में छह लोगों को अरेस्ट कर उनके पास से दो क्विंटल 15 किलो 510 ग्राम नकली घी बरामद किया है। पुलिस ने इन्हें बालाजी मार्केट के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोग गुजरात के रहने वाले हैं। ये लोग पिछले कुछ दिनों से यहां आस-पास के गांवों में नकली घी बेचकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे थे। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ये गुजरात के रहने वाले हैं और यहां रोज 2 क्विंटल नकली घी बनाकर आस-पास के गांवों में बेचते थे। ये लोग ग्रामीणों को यह कहकर फांसते थे कि गुजरात में पशु अधिक होने के कारण वहां घी सस्ता है। नकली घी को गाय का शुद्ध देसी घी बताकर 200 से 300 रुपए प्रति किलो के हिसाब से नकली घी बेचते थे। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

### व्यवसायी का अपहरण करने का बदमाशों का प्रयास विफल

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले में सरपंच पति के अपहरण मामले का खुलासा भी नहीं हुआ कि कल रात गंगरार थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने फिरौती के लिए एक व्यवसायी का अपहरण कर लिया, लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते उनका प्रयास विफल हो गया। थानाधिकारी शिवराम गुर्जर ने आज बताया कि रात में बुढ़ गांव निवासी प्लाईवुड के व्यवसायी प्रमोदकुमार कोठारी चित्तौड़गढ़ के राणा सांगा बाजार स्थित अपनी दुकान से गांव लौट रहे थे कि करीतिया गांव के समीप एक कार में आए अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार रोककर उनको जबरन अपनी कार में बिठा लिया और मारपीट करते हुए उन्हें इधर से उधर घुमाते रहे। उन्होंने बताया कि इसी बीच बदमाशों ने उनके मोबाईल से परिजनों से बात करवाई एवं सात लाख रुपये की फिरौती मांगी। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित कर दिया। इसपर गंगरार एवं चंदेरिया थाने की पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस का बढ़ता दबाव देख बदमाश व्यवसायी को घटनास्थल से करीब 25 किलोमीटर दूर पांडोली गांव के समीप फेंक कर फरार हो गये। जहां से पुलिस ने उन्हें जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

### फ्यूज जोड़ते समय करंट लगने से संविदाकर्मी की दर्दनामक मौत

**झालावाड़।** झालावाड़ जिले के पनवाड़ क्षेत्र के हरीगढ़ जीएसएस पर गुरुवार को काम के दौरान करंट लग जाने से संविदा कर्मी शिवराज भील की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। उन्हें समझाने पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलने के पांच घंटे बाद डिस्कॉम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार हरीगढ़ जीएसएस पर बिजली आपूर्ति को लेकर शिकायत थी। संविदा कर्मी शिवराज भील जीएसएस पर फ्यूज जोड़ने गया था। इसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। करंट से वह वहीं लटक कर रह गया। मौत की सूचना लगते ही ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जयपुर डिस्कॉम की लापरवाही मानते हुए वहीं धरने पर बैठ गए। ग्रामीण अधिकारियों के खिलाफ धरने पर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों को धरना खत्म करने के लिए कहने लगी।

### प्लाईवुड की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

**चौमूं।** जिले के कालाडेरा क्षेत्र में प्लाईवुड फैक्ट्री में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल, आग लगने के कारणों को खुलासा नहीं हो पाया है। साथ ही आग बुझने के बाद ही नुकसान का अंदाजा लगाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, कालाडेरा रीको इलाके में स्थित अरुण प्लाईवुड फैक्ट्री में गुरुवार सुबह आग लग गई, जिसमें बुझाने के लिए पहले दमकल की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। जिसके बाद 2 और दमकलों को मौके पर बुलाया गया। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद कालाडेरा थाना पुलिस भी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंची। हादसे में फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना की जानकारी मिलने पर फैक्ट्री मालिक भी मौके पर पहुंचा।

# अंतिम परीक्षा में फिर खरी उतरी एंटी टैंक मिसाइल 'नाग', अब शुरू होगा उत्पादन

**जोधपुर/एजेंसी।**



थार के रेगिस्तान में पोकरण स्थित देश की सबसे बड़ी फील्ड फायरिंग रेंज गुरुवार सुबह एंटी टैंक मिसाइल नाग के धमाकों से गूंज उठी। अपने अंतिम परीक्षण में यह मिसाइल एकदम खरी उतरी। इसके साथ ही कुछ वर्ष से जारी परीक्षण का दौर पूरा हो गया। अब इसका निर्माण शुरू किया जाएगा ताकि, शीघ्र ही इसे सेना को सौंपा जा सके। जमीन से जमीन पर हमला करने में सक्षम यह मिसाइल 825 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दुश्मन के टैंक पर हमला कर उसे ध्वस्त करने में सक्षम है। चीन के साथ चल रहे तनाव के बीच इस मिसाइल का परीक्षण बहुत अहम माना जा रहा है। आज सुबह सेना व डीआरडीओ के उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में इसका अंतिम परीक्षण किया गया। मिसाइल अपने सभी मानकों पर खरी उतरी। नैमिका कैरियर से दागी गई मिसाइल ने फायरिंग रेंज में रखे एक वास्तविक टैंक को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। परीक्षण के पश्चात विशेषज्ञों ने टैंक की जांच की। उन्होंने पाया कि नाग के प्रहार से टैंक पूरी तरह से नेस्तनाबूद हो चुका था। गत कुछ वर्ष से जारी परीक्षणों का दौर गुरुवार को पूरा हो गया। सभी मानकों पर खरी उतरने के बाद अब इसके उत्पादन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। नाग मिसाइल का निर्माण पब्लिक सेक्टर की कंपनी भारत डॉयनामिक्स लिमिटेड करेगी। इसके लॉचर नैमिका का डिजाइन भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड ने किया है, लेकिन इसका निर्माण मेढक स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में किया जाएगा। कुछ माह के भीतर ही नाग मिसाइल की पहली खेप सेना को सौंप दी जाएगी।

नाग मिसाइल सभी मौसम में दुश्मनों के टैंकों को न्यूनतम 500 मीटर और अधिकतम चार किलोमीटर की दूरी से भेदने की क्षमता के साथ विकसित की गई है। नाग प्रक्षेपास्त्र) एक तीसरी पीढ़ी का भारत द्वारा स्वदेशीय निर्मित, टैंक भेदी प्रक्षेपास्त्र है। यह उन पाँच (प्रक्षेपास्त्र) मिसाइल प्रणालियों में से एक है जो भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम के तहत विकसित की गई है। इस प्रक्षेपास्त्र का विकास 300 करोड़ की लागत से किया गया है। इसे दागो और भूल जाओ टैंक रोधी प्रक्षेपास्त्र भी कहा जाता है क्योंकि एक बार इसे दागे जाने के बाद निर्देशित करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इसके हवा से जमीन पर मार करने वाला हैलीना वर्जन भी है। जिसे हेलिकॉप्टर से दागा जाता है। नाग मिसाइल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह 825 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार के साथ अपने लक्ष्य पर प्रहार करती है।

### कोटा में बगावती तेवर ढीले करने में जुटे रहे दोनों दलों के नेता

**कोटा।** राजस्थान में कोटा के दोनों नगर निगमों के चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के उन प्रत्याशियों के लिए आज का दिन काफी अहम रहा जहां कुछ कार्यकर्ता अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय रूप में अपना नामांकन भर के बगावत करने पर आमादा हैं। हालांकि ऐसे प्रत्याशियों को मनाने के लिए अभी रात और कल दोपहर तक का समय ही बचा है क्योंकि कल नाम वापसी का आखिरी दिन है। कोटा के उत्तर और दक्षिण नगर निगमों ऐसे एक दर्जन से भी अधिक वार्ड है जहां काफी प्रयासों के बावजूद टिकट नहीं मिलने से खफा कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन पर्चा भरके ताल ठोक दी है। हालांकि दिन भर कांग्रेस और भाजपा के बड़े नेता ऐसे नाराज कार्यकर्ताओं से संपर्क करने में जुटे रहे।

## आमजन तक ऑनलाईन सुविधाओं की पूरी पहुंच सुनिश्चित करें : चौधरी

**जयपुर/एजेंसी।**

राजस्व मंत्री श्री हरीश चौधरी ने जयपुर स्थित भू प्रबन्ध विभाग के कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को आमजन के हित में विभाग द्वारा दी जा रही कृषि ऋण रहन पोर्टल, धरा मोबाईल एप, ऑनलाईन गिरदावरी, ऑनलाइन नामान्तरकरण की सुविधाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं शेष रही तहसीलों को ऑनलाईन किये जाने के कार्य में गति लाने के लिए कहा ताकि आमजन की पहुंच इन सुविधाओं तक सुनिश्चित हो सके। राजस्व मंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में राजस्व रिकॉर्ड के कम्प्यूटरीकरण की बदौलत लंबित तरमीमों, नामान्तरकरण, अपवादित खातों को रिकॉर्ड स्तर पर निस्ताकरण किया गया है और इसी गति से इस कार्य को आगे बढ़ाना है ताकि काश्तकारों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके और राजस्व विभाग में विश्वास भी कायम हो। श्री चौधरी ने सर्वे रिसर्वे के लिए पूर्व में चल रहे 11 जिलों के कार्य में आ रही व्यावहारिक समस्याओं के बार में अधिकारियों से जानकारी ली एवं हर स्तर से इसका



समाधान करवाकर कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। राजस्व मंत्री ने बैठक में डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम में ऑनलाईन होने से शेष रहीं 93 तहसीलों को मार्च 2021 से पूर्व ऑनलाईन किये जाने हेतु विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

## पुलिस शहीद दिवस शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि

**जयपुर/एजेंसी।**

महानिदेशक पुलिस श्री एम एल लाठर ने पुलिस के अमर शहीदों की याद में राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। महानिदेशक पुलिस द्वारा एक सितम्बर 2019 से 31 अगस्त 2020 तक शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नाम का स्मरण किये जाने के बाद ''लास्ट पोस्ट'' की धुन बजाई गई । पुलिस आयुक्तालय जयपुर एवं आरएसी चतुर्थ व पांचवी बटालियन की टुकड़ी द्वारा गार्ड आफ ऑनर दिया गया। सेवानिवृत महानिदेशक पुलिस श्री कापिल गर्ग, एडीजी मुख्यालय श्री भूपेंद्र दक, अराजपत्रित पुलिस अधिकारी श्री मदनसिंह आइबी निदेशक श्री के सी मीणा सीबीआई के श्री विवेक प्रियदर्शी, आरपीए निदेशक श्री राजीव शर्मा



एवं कमिश्नर पुलिस श्री आनंद श्रीवास्तव ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किये। अतिरिक्त महानदेशक एवं आरपीए निदेशक श्री राजीव शर्मा ने महानिदेशक की अगवानी की। इस अवसर पर महानिदेशक जेल श्री राजीव दासोत, महानिदेशक एसीबी श्री बी एल सोनी, अतिरिक्त महानदेशक सर्व श्री सौरभ श्रीवास्तव, श्रीनिवास राव जंगा, संजय अग्रवाल, दिनेश एनएम, पुलिस कमिश्नर आंनद श्रीवास्तव सहित पुलिस अधिकारी गण एवं पुलिस कर्मी मौजूद थे। पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित चिकित्सालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया महानिदेशक पुलिस श्री लाठर ने रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया एवं रक्तदान कर रहे पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने पुलिस मेमोरियल पर भी पुष्पचक्र अर्पित किए। पुलिस शहीद दिवस परेड प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय सहित आरएसी, प्रशिक्षण केन्द्रों, जोन कार्यालयों एवं रेंज स्तर पर भी आयोजित कर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर शहीदों की याद में स्वैच्छिक रक्तदान, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रदेश की सभी पुलिस लाईन एवं जिलों के अन्य प्रतिष्ठित स्थलों पर डयूटी के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नाम प्रदर्शित किये गए। पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर एस एम एस हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक प्लाजमा (डोनेशन) शिविर का आयोजन किया गया। महानिदेशक श्री लाठर ने इस शिविर का भी निरीक्षण कर डोनर्स को बधाई दी।

## 'सेवेन' ने नई टेक्नोलॉजी आधारित ड्राई टेक टीस कलेक्शन पेश किया

**100 प्रतिशत सोखने वाला, एंटी स्टेटिक एवं हवादार फैब्रिक इस टीस को चुस्त दुरूस्त एवं ट्रेनिंग व्यवस्था के लिए आदर्श बनाता है**

**नई दिल्ली।** भारत के वैश्विक स्पोर्ट्सवियर ब्रांड सेवेन ने अपना नया ड्राई टेक टीस संग्रह लांच करने की घोषणा की है जिसे खासतौर पर ऐसे लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जिनकी दिनचर्या बहुत सक्रिय है और खेल एवं फिटनेस को लेकर बहुत संजीदा रहते हैं। ड्राई-टेक टीस कलेक्शन 699 रूपये से लेकर 899 रूपये की रेंज में स्मॉल, मीडियम, लार्ज, एक्सएल और डबल एक्सएल सहित विभिन्न आकार में उपलब्ध है। यह संग्रह सभी एक्सक्लूसिव सेवेन स्टोर्स और भारत में इसके सहयोगी स्टोर्स में उपलब्ध है। यह सेवेन की आधिकारिक वेबसाइट **www.7.life** पर और



फ्लिपकार्ट, पेटीएम मॉल, स्नैपडील, मिंत्रा, टाटा क्लिक आदि सहित विभिन्न ऑनलाइन ईकॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर भी उपलब्ध है। इस एक्सक्लूसिव कलेक्शन के बारे में सेवेन के सीओओ श्री लोकेश मिश्रा ने कहा, श्कोविड-19 की वजह से उलझन और तनाव ने स्वास्थ्य और फिटनेस के चक्र में गतिरोध पैदा कर दिया। आज फिटनेस कोई लग्जरी चीज़ नहीं रह गई है, बल्कि आज के समय की जरूरत बन गई है। हमारे नए ड्राई-टेक टीस कलेक्शन के साथ आपको पसीने से भीगने खासकर लंबे समय तक ट्रेनिंग सत्र के दौरान पसीना बहने के बारे में चिंता नहीं करना पड़ेगा। सेवेन में हमारा लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाले फैब्रिक, अपने वर्ग में सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी, नवीनतम डिजाइन और स्टाइल के साथ स्पोर्ट्सवियर की पेशकश करना है ताकि हमारे उत्पाद हमारे सभी मूल्यवान ग्राहकों को जबरदस्त आराम के साथ ही शानदार लुक उपलब्ध करा सकें। नमी सोखने और सांस लेने वाले क्रांतिकारी फैब्रिक के साथ ड्राई टेक टीस का विनिर्माण त्वचा के अनुकूल, एंटी स्टैटिक फैब्रिक के साथ किया जाता है जो पसीना और नमी संभालने में अत्यधिक कारगर है। इसमें बाय-स्ट्रेच टेक्नोलॉजी भी जिससे रनिंग और ट्रेनिंग का सौंदर्य बढ़ता है। यह कलेक्शन विभिन्न डिजाइन में उपलब्ध है जिसमें एबस्ट्रैक्ट, हेज़, क्लाउड आदि शामिल हैं।

### दो तस्करों से साढ़े नौ किलो गांजा बरामद

**कोटा।** राजस्थान में झालावाड़ जिले में पुलिस ने दो अलग थाना क्षेत्रों में दो तस्करों को गिरफ्तार करके उनसे साढ़े नौ किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि झालावाड़ जिले के पिडावा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गश्त के दौरान ओड़िया खेड़ी रोड पर पैदल जा रहे एक संदिग्ध युवक की जब रोककर तलाशी ली तो उसके पास से चार किलो 850 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान दिलावरा गांव के तौफीक मेवाती (20) के रूप में हुई है। एक अन्य मामले में सुनेल थाना क्षेत्र में पुलिस ने हेमड़ा गांव के पास एक मोटरसाइकिल पर जा रहे सद्दाम खान से चार किलो 650 ग्राम गांजा बरामद किया।

## 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए नवंबर में खुल सकते हैं स्कूल

**जयपुर।** प्रदेश में नवंबर माह से 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को एक या दो दिन छोड़कर स्कूल बुलाया जा सकता है। इसके बाद अन्य कक्षाओं के लिए भी धीरे धीरे स्कूलों को खोला जा सकता है। प्रदेश में स्कूल खोलने को लेकर बुधवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें सामने आया कि जीरो सेशन करने की नौबत नहीं आए। इसके लिए बच्चों की पढ़ाई होना जरुरी है। इसलिए विभाग गाइडलाइन तैयार करे। अधिकारियों का मानना था कि जीरो सेशन करने से 9वीं से 12वीं तक के 25 लाख विद्यार्थियों को नुकसान होगा। इसलिए जीरो सेशन विद्यार्थियों के हित में नहीं है। बैठक में अन्य राज्यों में स्कूलों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही स्कूल खुलने पर सिलेबस कम करने और परीक्षाओं को लेकर भी चर्चा की गई। अब पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी। इसके बाद स्कूल खुलने को लेकर अंतिम निर्णय होगा। बोर्ड कक्षाओं का पाठ्यक्रम कम कर दिया जाए। इस पर कवायद शुरू हो गई है।



9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को नवंबर से स्कूल बुलाया जाए। अब तक पढ़ाई के जितने कार्यदिवस कम हुए हैं। इसकी कुछ हद तक भरपाई के लिए बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन देरी से किया जाए। शीतकालीन अवकाश की अवधि को घटा दिया जाए।

## कोरोना से तंग आकर बुजुर्ग ने की ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी

**जयपुर/एजेंसी।**

शहर के मालवीय नगर इलाके के सेक्टर 10 में गुरुवार को एक बुजुर्ग ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना से पहले बुजुर्ग घर पर एक लेटर छोड़कर गया था। जिसमें लिखा था, % कोरोना से तंग आ चुका हूं। अब और परेशान नहीं होना चाहता। घर छोड़कर जा रहा हूं। इसमें किसी को दोष नहीं है।% पुलिस को बुजुर्ग का शव सुबह साढ़े 6 बजे मिला था। जानकारी के मुताबिक मृतक सुरेंद्र कुमार बृज (66) सेक्टर 10 मालवीय नगर में पत्नी के साथ रहते थे। सुरेंद्र कुमार बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी थे। उनका इकलौता बेटा दिल्ली में जॉब करता है। इससे पति पत्नी अकेले रहते थे। 19 अक्टूबर को सुरेंद्र कुमार बृज और उनकी पत्नी कोरोना पॉजिटिव आ गए थे। इससे वे दोनों क्वारैंटाइन चल रहे थे। वे



बाहर भी नहीं निकल रहे थे। बेटा भी दिल्ली से जयपुर मिलने नहीं आ सका। नाहीं, पड़ौसी और रिश्तेदार इस वृद्ध दंपति से मुलाकात कर हाल जान सके। पुलिस ने बताया कि रात 2 बजे सुरेंद्र कुमार की पत्नी की आंख खुली तो पति नजर नहीं आए। कमरे का दरवाजा भी खुला था। सुरेंद्र बृज की पत्नी ने उन्हें घर में इधर उधर देखा। तब लाइट जलाने पर कमरे में रखा एक सुसाइड नोट नजर आया। जिसमें कोरोना से परेशान होकर घर छोड़कर जाने की बात लिखी थी। ऐसे में पत्नी ने पड़ोसी की मदद ली। वे किसी तरह रात को सुसाइड नोट लेकर जवाहर सर्किल थाने पहुंची। ड्यूटी ऑफिसर एएसआई रामप्रकाश के अनुसार उन्होंने सुबह 5 बजे तक घर से कुछ दूर स्थित रेलवे ट्रेक और आसपास के इलाके में सुरेंद्र कुमार की तलाश की। लेकिन उनका पता नहीं चला। तब वे लौट आए। इसके बाद गुरुवार सुबह 6-30 बजे सेक्टर 10 में रेलवे ट्रेक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली। तब एएसआई रामस्वरुप मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि रात 2 बजे सुरेंद्र कुमार की पत्नी की आंख खुली तो पति नजर नहीं आए। संदेह होने पर सुरेंद्र कुमार की पत्नी से शिनाख्त करवाई तो उसने पति की पहचान कर ली। वह बिलख पड़ी। इसके बाद पुलिस ने बेटे को दिल्ली में फोन कर घटना की जानकारी दी। तब बेटा आज सुबह जयपुर पहुंचा। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम हो सका।


**हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : बी-17, द्वितीय तल, 22 गोदाम औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302006
वेबसाइट : www.highstreetfilatex.in
ई-मेल : highstreet.filatex@gmail.com
Corporate Identity Number : L18101RJ1994PLC008386

**सूचना**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) रेग्यूलेशन 2015 के नियम 47 के तहत यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक **शुक्रवार, 30 अक्टूबर को शाम 4.00 बजे** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय बी-17, द्वितीय तल, 22 गोदाम औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302006 में आयोजित की जा रही है जिसमें अन्य विषयों के साथ **30 सितम्बर 2020 की समाप्त तिमाही/अर्द्धवार्षिक** वर्ष के लिए कंपनी के गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के साथ उसी तारीख के रूप में सम्पत्तियों एवं दायित्वों के स्टेटमेंट एवं रोकड़ प्रवाह पर विचार एवं स्वीकृति दी जायेगी और लिमिटेड रिव्यू रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लाया जायेगा। यह सूचना कम्पनी की वेबसाईट **www.highstreetfilatex.in** और स्टॉक एक्सचेज की वेबसाईट **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध है।

कृते हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड
ह./-
विमोर कुमावत
स्थान : जयपुर कम्पनी सचिव वं अनुपालन अधिकारी
दिनांक : 22.10.2020 ACS-55710



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं.** 0141-2570653 **(RNI No. RAJHIN/2004/12833)**